# Elec. CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

**Haldwani**

धीरज

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड,
उपाकालि0,
हल्द्वानी (ग्रामीण)

Case No:01 /2024

## ORDER SHEET

01-01-24

नई शिकायत प्राप्त हुई। अवलोकित। पंजीकृत। विपक्षी को नोटिस जारी करें। विपक्षी विभाग दिनांक 10-01-2024 तक उत्तर पत्र मंच के समक्ष प्रस्तुत करें।

[signatures]

10/01/2024

### निर्णय

पत्रावली पेश। विपक्षी उत्तरपत्र मय कन्ज्यूमर हिस्ट्री, मेल माध्यम से प्रस्तुत है। परिवादी की मूल शिकायत अपने विद्युत संयोजन में अंकित नाम "Dheeraj" के स्थान पर "Dhiraj" जो उसके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है करना दर्ज सम्बन्धी है। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उत्तर एवं कन्ज्यूमर हिस्ट्री का अवलोकन करने से स्पष्ट होता है कि, विपक्षी द्वारा परिवादी के संयोजन सं 391A11525398। में उसका गलत नाम "Dheeraj" के स्थान पर (Dhiraj) DHIRAJ" कर नाम की गलती को उसके आवेदन एवं मांग के अनुसार कर दिया गया है। जिसकी की पुष्टि विद्युत संयोजन बिल व कन्ज्यूमर हिस्ट्री आदि से होना विदित है।

अतः परिवादी की समस्या का निदान हो जाने से पत्रावली की कार्यवाही समाप्त की जाती है पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। नकल पक्षकारों को प्रेषित हो।

[signatures]

सदस्य (उपभोक्ता)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

सदस्य (न्यायिक)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

# Elec. CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

**Haldwani**

राकेश कुमार अग्रवाल । — बनाम — अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, उपाकालि0, रामनगर

**Case No:-02 /2024**

## ORDER SHEET

23/01/2024 पत्रावली विपक्षी उत्तर/पत्र की प्रतीक्षा में अवलोकन की। विपक्षी उत्तर/पत्र के साथ पत्रावली प्रस्तुत है। विपक्षी उत्तर/पत्र एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उत्तर/पत्र एवं संलग्न अभिलेख से प्रतीत हो रहा है कि परिवादी के विद्युत संयोजन 40111227952 में त्रुटिवश गलत मो० नं० अंकन को सही कर दिया गया है। अतः मामले में पत्रावली निर्णय हेतु सुरक्षित रखी जाती है।

Hosu

## निर्णय

25/01/24 पत्रावली निर्णय हेतु प्रस्तुत। परिवादी की शिकायत के अनुसार उनके मोबाइल पर किसी अन्य विद्युत उपभोक्ता के विद्युत संबंधी SMS आने से हो रही परेशानी का निवारण विपक्षी द्वारा कर दिया गया है। विपक्षी के अनुसार विद्युत खाता संख्या 40111227952 में त्रुटिवश गलत अंकित मो० सं० 9927367310 को सही करते हुए 9927367370 कर परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिया गया है। अतः विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। पक्षकार सूचित हों। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

सदस्य (उपभोक्ता)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

Hosu
सदस्य (न्यायिक)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

# Elec. CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

**Haldwani**

कविता जोशी — बनाम — अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, उपाकालि0, हल्द्वानी (ग्रामीण)

**Case No:-04 /2024**

## ORDER SHEET

25/01/24 — पत्रावली निर्णय हेतु प्रस्तुत। परिवादिनी की खराब मीटर बदले जाने सम्बन्धी शिकायत का निवारण विपक्षी द्वारा मीटर बदलकर कर दिया गया है। प्रमाणस्वरूप सीलिंग प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न है। परिवादिनी द्वारा भी मंच कार्यालय में पत्र भेजकर (खण्ड कार्यालय के माध्यम से) संतुष्टि व्यक्त की गयी है। अतः परिवादी की शिकायत का समाधान हो जाने पर वाद निस्तारित किया जाता है। पक्षकार सूचित हों। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

सदस्य (उपभोक्ता)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

सदस्य (न्यायिक)
वि0उ0शि0नि0म0 हल्द्वानी

# Elec. CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

**Haldwani**

जीवन लाल बनाम अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, उपाकालि0, हल्द्वानी (न0)

**Case No:- 08 /2023**

## ORDER SHEET

16/01/2024 – नई शिकायत प्राप्त हुई। अवलोकित। पंजीकृत करें। विपक्षी को नोटिस जारी करें। विपक्षी दिनांक 27.01.24 तक अपना उत्तर पत्र मंच के समक्ष प्रस्तुत करें। पक्षकार सूचित हों।

निर्णय

25.01.24 – पत्रावली पेश हुई। प्रकरण में विपक्षी को दिनांक 27.01.24 तक उत्तर पत्र प्रस्तुत करना था। विपक्षी द्वारा दिनांक 24/01/24 को पत्रांक 354 के माध्यम से आख्या प्रेषित की गयी है। आख्या के अनुसार परिवादी का बिल संशोधित कर दिया गया है। आख्या के साथ बिल लेजर की प्रति संलग्न की गयी है। लेजर का अवलोकन करने से यह तथ्य पाया कि विपक्षी द्वारा परिवादी को ₹ 3620.00 का समायोजन प्रदान किया गया है वर्तमान में उपभोक्ता पर कोई देय अवशेष नहीं है। विपक्षी की कार्यवाही पर परिवादी द्वारा मंच कार्यालय में दूरभाष पर संतुष्टि व्यक्त की गयी है। इस प्रकार विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत का समाधान कर दिये जाने के फलस्वरूप वाद निस्तारित किया जाता है। पक्षकार सूचित हों। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

सदस्य (उपभोक्ता) वि0उ0शि0नि0मं0 हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी) वि0उ0शि0नि0मं0 हल्द्वानी

सदस्य (न्यायिक) वि0उ0शि0नि0मं0 हल्द्वानी

**विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच**
**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
**हल्द्वानी**
**जिला–नैनीताल**

उपस्थित 1–टीका राम जोशी, सदस्य (न्यायिक)
2–पी.सी. पान्डेय, सदस्य (तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

**परिवाद संख्या–319/2023, दिनांक 01.7.2024**

वी0के0 शर्मा
वोहरा गांव
भीमताल
जिला–नैनीताल। परिवादी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
नैनीताल। विपक्षी

**निर्णय**

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि उसका विद्युत कनेक्शन संख्या–597BN26085866 का विद्युत मीटर खराब होने के कारण विद्युत बिल नहीं बन पा रहे थे। माह मार्च में मीटर रीडर द्वारा गलत रीडिंग डाल दिए जाने के कारण ₹ 80885.00 का बिल आ गया। जिसकी शिकायत उसके द्वारा उपखण्ड कार्यालय में की गई जांच के उपरान्त मीटर खराब होने के कारण उसका विद्युत मीटर बदल दिया गया और नया मापक स्थापित किया गया ।उसके मार्च माह के खराब बिल का समायोजन विभाग द्वारा उसे अभी तक नहीं दिया गया है जिस संदर्भ में उसके द्वारा बार–बार कार्यालय में अनुरोध किया गया है। अतः निवेदन है कि उसके खराब विद्युत बिल को समायोजित करने हेतु विभाग को आदेशित करने की कृपा करें।
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र दिनांकित 12.10.2023 में कहा गया है कि उपभोक्ता के विद्युत मीटर की बिलिंग से सम्बन्धित समस्या का समाधान करने हेतु एम0आर0आई जांच की गयी जिसमें स्पष्ट रिर्पोट नहीं आ रही है, जिस कारण उपभोक्ता के विद्युत मीटर की

क्रमशः

स्पष्ट जांच हेतु सहायक अभियन्ता (मापक) से भी सहयोग लिया जा रहा है। उक्त प्रकरण में सहायक अभियन्ता (मापक) को दूरभाष एवं व्हट्ऐप के माध्यम से भी अवगत करा दिया गया है। जिसमें स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त करने हेतु अतिरिक्त समय लगना स्वाभाविक है। अतः माननीय फोरम से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण में आख्या प्रस्तुत करने हेतु अतिरिक्त 01 सप्ताह का समय प्रदान करने की कृपा करें।

3. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत एक अन्य पत्र दिनांकित 21.10.2023 में कहा गया है कि अपने कार्यालय पत्रांक–3698 दि० 12.10.2023 के माध्यम से संज्ञान में लाया गया था कि उपभोक्ता के विद्युत मीटर की एम0आर0आई जांच की गयी, जिसमें स्पष्ट रिर्पोट नहीं आ पायी थी, जिस हेतु उपभोक्ता के विद्युत मीटर की स्पष्ट जांच हेतु सहायक अभियन्ता (मापक) से भी सहयोग लिया जा रहा था। उक्त एम0आर0आई जांच पुनः स्पष्ट नहीं हो पा रही है, जिसके कारण मै० टी०डी०एस० को भी अवगत कराया गया है। उपभोक्ता के मापक की स्पष्ट जांच एवं आख्या प्राप्त करने हेतु मै० टी०डी०एस० को उपखण्ड कार्यालय भीमताल द्वारा दि० 16. 10.2023 को नोटिस प्रेषित किया गया है, जिसमें मै० टी०डी०एस० द्वारा कोई रिर्पोट प्राप्त नहीं हुयी है। मै० टी०डी०एस० द्वारा अतिशीघ्र स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त होते ही ससमय मा0 मंच को प्रेषित किया जा सम्भव हो पायेगा।

4. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत अतिरिक्त पत्र दिनांकित 09.11.2023 में कहा गया है कि उपभोक्ता के विद्युत मीटर की बिलिंग से सम्बन्धित समस्या का समाधान करने हेतु एम0आर0आई जांच की गयी जिसमें स्पष्ट रिर्पोट न आने के कारण उपभोक्ता के विद्युत मीटर की स्पष्ट जांच हेतु सहायक अभियन्ता (मापक) से भी सहयोग लिया गया था जिसके पश्चात भी स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त न हो सकी। उक्त प्रकरण में मै० टी०डी०एस० द्वारा ली गयी रीडिंग में उनके द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण से भी कोई स्पष्ट निष्कर्ष नहीं प्राप्त हो सका। उपभोक्ता के मापक की स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त करने हेतु मापक को उपखण्ड कार्यालय भीमताल के पत्रांक–729 दि0 08.11.2023 के अनुसार सम्बन्धित कम्पनी ( Sachendra Electric India Pvt Ltd- Mysure) को भेजा गया है। उक्त मापक की स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त होने में समय लगना स्वाभाविक है। कम्पनी द्वारा मापक की स्पष्ट रिर्पोट प्राप्त होने के पश्चात ही आख्या प्रस्तुत की जा सकेगी। अतः माननीय फोरम से अनुरोध है कि उक्त प्रकरण में आख्या प्रस्तुत करने हेतु अतिरिक्त 01 माह का समय प्रदान करने की कृपा करें।

5. दिनांक 12.12.2023 में मंच में सुनवाई के समय विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र में कहा गया है कि उपरोक्त वाद के क्रम में वादकर्ता के पुराने मापक की उपभोग यूनिटों के संबंध में एल० एण्ड टी० मापक कम्पनी द्वारा प्रेषित एम0आर0आई0 रिपोर्ट की पुष्टि के आधार पर विद्युत बिल उपभोग अनुसार ही पाया गया है. एम०आर०आई० रिपोर्ट अनुसार जांच/परिणाम इस प्रकार हैः–

क्रमशः

(1.) एम0आर0आई0 रिपोर्ट अनुसार पुराने मापक की अन्तिम रीडिंग 94467.31 Kwh पाई गई है। जबकि पुराने मापक के आधार पर माह 03/2023 में विद्युत बिल 93983 Kwh तक ही निर्गत हुआ है।

(2.) माह 08/2022 में उपभोक्ता को मापक यूनिटों के आधार पर, रीडिंग 82388 Kwh तक का विद्युत बिल निर्गत किया गया, तत्पश्चात इन्हें माह 09/22 तथा 11/2022 के बिल संबंधित बिलिंग कार्यदायी संस्था द्वारा 0 यूनिट के आधार पर निर्गत किए गये, जिसका स्पष्टीकरण पत्रांक सं0 708/वि0वि0उप०(भी०)/दि० 02.11.23 के द्वारा खण्ड/फोरम को प्रेषित किया जा चुका है।

(3.) माह मार्च 2023 में जो वास्तविक रीडिंग का बिल निर्गत किया गया है, एम0आर0आई0 रिपोर्ट के आधार पर उसकी पुष्टि हो रही है। साथ ही अवगत कराना है कि उपभोक्ता के माह 08/2022 से 03/2023 (विवादित समयकाल) तक का वास्तविक उपभोग का औसत लगभग 1657 यूनिट/प्रतिमाह आ रहा है, जो कि पूर्व के निर्गत बिलों के औसत के समान है। फोरम को अवगत कराना है कि एम0आर0आई0 रिपोर्ट/उपभोक्ता के वास्तविक औसत उपभोग एवं उपरोक्त समस्त बिन्दुओं के आधार पर उपभोक्ता को वास्तविक विद्युत बिल ही निर्गत किया गया है।

6. परिवादी द्वारा व्हट्सऐप के माध्यम से प्रस्तुत पत्र दिनांकित 28.12.2023 में कहा गया है कि "In my last email I had requested your good self to kindly defer the hearing till 25th of January as I am out of station for some urgent work but somehow the date is fixed for today. I am a retired IAS officer and can't come over and over again for the hearing. Sir I have gone through the MRI report of the meter which is justifying the electricity consumption which was earlier challenged by me citing that the meter was faulty You will appreciate that we the common people are not technically sound to comment on such reports. Keeping in mind the average charges of monthly consumption on my connection please settle the amount as the forum deems fit.

7. मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का सम्यक रूप से अवलोकन किया गया विपक्षी की ओर से प्रस्तुत परिवादी की विस्तृत कन्ज्यूमर हिस्ट्री एवं मीटर की MRI रिपोर्ट का अध्ययन करने पर यह तथ्य पाया गया कि दिनांक 14.08.2022 को परिवादी के मापक की रीडिंग 82388 KWH थी। उसके बाद के दो बिल चक्रों में शून्य विद्युत खपत के बीजक जारी किए गए हैं जबकि MRI में विद्युत खपत प्रदर्शित हो रही है। अर्थात मीटर रीडर द्वारा मनमानी से शून्य खपत के बीजक जारी किए गए जिससे बाद में मार्च 2023 में रोकी गई यूनिटों का एकमुश्त बीजक परिवादी को दिया गया तथा खपत पर विवाद की स्थिति पैदा हुई। कन्ज्यूमर हिस्ट्री के अनुसार दिनांक 05.05.2023 को परिवादी का मापक बदल दिया गया तथा मापक बदलते समय रीडिंग 93983 दर्ज की गई है। जबकि बिल हिस्ट्री में दिनांक 28.03.2023 को भी मीटर का पठनांक 93983 ही दर्ज है। दूसरी तरफ MRI रिपोर्ट के हिसाब

क्रमशः

से परिवादी के मापक की अंतिम मीटर रीडिंग 94467 यूनिट है। मंच के मत में पुराने मापक की दिनांक 14.08.2022 से 05.05.2023 तक की वास्तविक खपत को मासिक औसत आधार पर विभाजित करते हुए बिल संशोधित किया जाना न्यायोचित होगा। MRI रिपोर्ट एवं कन्ज्यूमर हिस्ट्री के आधार पर उक्त अवधि में वास्तविक खपत 12079 यूनिट (94467–82388) रही है। अतः दिनांक 15.08.2022 से 05.05.2023 तक 264 दिन में 12079 यूनिट की खपत पुराने मापक से हुई है। अर्थात 1373 यूनिट प्रतिमाह के हिसाब से उक्त अवधि का बीजक संशोधित किया जाना तर्कसंगत होगा।

## आदेश

परिवाद स्वीकार किया जाता है। विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि परिवादी का दिनांक 15.08.2022 से मीटर बदले जाने की तिथि 05.05.2023 तक का बीजक 1373 यूनिट प्रतिमाह के हिसाब से माननीय उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के समय–समय पर लागू टैरिफ ऑर्डर के अनुसार उक्त अवधि में परिवादी द्वारा जमा कराई गई धनराशि का समायोजन करते हुए संशोधित करे। नये मापक की स्थापना से वर्तमान तक का बीजक मापक की वास्तविक रीडिंग के अनुसार जारी करे। इस प्रकार संशोधित बीजक पर कोई विलम्ब भुगतान अधिकार देय नहीं होगा। विपक्षी/विभाग निर्णय/आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर अनुपालन आख्या मंच में प्रस्तुत करे। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः– 01/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा)<br>सदस्य (उपभोक्ता) | 01/01/2024<br>(पी सी पाण्डेय)<br>सदस्य (तकनीकी) | (टीकाराम जोशी)<br>सदस्य (न्यायिक) |

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उदघोषित।

दिनांकः– 01/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा)<br>सदस्य (उपभोक्ता) | (पी सी पाण्डेय)<br>सदस्य (तकनीकी) | (टीकाराम जोशी)<br>सदस्य (न्यायिक) |

विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हल्द्वानी
जिला–नैनीताल

उपस्थित 1–टीका राम जोशी, सदस्य (न्यायिक)
2–पी.सी. पान्डेय, सदस्य (तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–341/2023, दिनांक 11.01.2024

भास्कर मासीवाल परिवादी
पुत्र राम दत्त मासीवाल
शिवलालपुर पांडे
रामनगर
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
रामनगर।

निर्णय

1. परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि हमारा आवास शिवलालपुर पांडे में है तथा विगत कई वर्षो तथा सदैव समय पर अपने बिलों का भुगतान करते आए है। पिछले वर्ष नवम्बर 2022 को अचानक उसका बिल ₹ 39312.00 आया जिसके बाद हमने विभाग से संपर्क करा तथा एक चेक मीटर लगवाया जिसमे मीटर में 96 प्रतिशत तेजी पाई गई। उसके बाद से ही लगातार हम बिजली विभाग से संपर्क करवाने की कोशिश करते रहे ताकि ₹ 39312.00 का बिल संशोधित कर हमे दिया जाए। परिवादी एक अवकाश प्राप्त सीनियर सिटीजन है तथा अनेक चक्कर लगाकर विभाग को पुराने बिल दिखा चुका है कि उसका बिल सामान्यत 4 से 5 प्रतिमाह आता है। अतएवं आपसे अनुरोध है की 96 प्रतिशत की तेजी को देखते हुए बिल संशोधित कर दिया जाए।
2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र में कहा गया है कि परिवादी द्वारा संयोजन सं०–RR1M123072137 पर चैक मापक लगवाने हेतु आवेदन किया गया था एवं उनके आवेदन के

क्रमशः

आधार पर दिनांक 02.12.2022 को उनके संयोजन पर चैक मापक स्थापित किया गया था, जिसे दिनांक 19.04.2023 को फाईनल किया गया था। मुख्य मापक 96 प्रतिशत तेज पाया गया था। विभागीय नियमानुसार उक्त संयोजन पर दिनांक 22.07.2023 को ₹ 20109.00 का समायोजन दिया गया है।

3. परिवादी द्वारा प्रस्तुत प्रतिउत्तर में कहा गया है कि "I'm so sorry to say the reply doesn't suit the question raised. Can the department provide me following details ? -where is our original meter? if the check meter said the reading was 96 percenr high why can't the same be deducted from the meter charge ? It's a pure harrasment the department has been doing of a reputed Ex Govt employee. Its been over a year and the fact is the ramnagar electricity department has lost the original meter and now coming up with reasons beyond logic. Kindly reply with a logical reply explaining when the average reading of a residence has been 5/6k a month how did it magically aggravate for a month? How can a residence consume so much energy? There are many loopholes in the department in Ramnagar and I have a whole list of complainees. I shall be compelled to move my case to higher authorities if a logical solution is not provided.

4. दिनांक 03.01.2024 को मंच में उभयपक्षों की सुनवाई हुई। पक्षकारों के तर्क सुने गये एवं उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन किया गया। सुनवाई के दौरान विपक्षी द्वारा परिवादी के संयोजन की बिलिंग हिस्ट्री एवं समायोजन के आकलन की प्रति भी उपलब्ध करवाई गई। परिवादी द्वारा अवगत कराया गया कि उसको पूर्व में तीव्र चलते पाए गए मूल मापक के विरुद्ध किए गए समायोजन के बाद विद्युत बिल उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। विपक्षी को निर्देशित किया गया कि वह समायोजन के उपरान्त के समस्त बिल एवं अद्यतन अवधि के बिल को परिवादी एवं मंच दोनों को उपलब्ध कराते हुए अपनी आख्या मंच में प्रस्तुत करें।

5. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांकित 09.01.2024 में कहा गया है कि समायोजन के उपरान्त के समस्त बिल व अद्यतन अवधि के बिल संलग्न कर आपकी सेवा में प्रेषित किये जा रहे हैं (कागज संख्या–10/1 से 10/5)।

6. मंच द्वारा उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का सम्यक रूप से अवलोकन किया गया। कंज्यूमर हिस्ट्री के अनुसार परिवादी के परिसर पर दिनांक 02.12.2022 को चैक मीटर स्थापित किया गया जिसे 26.12.2022 को फाइनल किया गया। मीटर शुद्धता जांच में परिवादी का मापक 96 फीसदी तेज चला पाया गया। दिनांक 07.06.2023 को ₹ 15132.00 का समायोजन परिवादी को दिया गया। पुनः दिनांक 22.07.2023 को विपक्षी द्वारा परिवादी को ₹ 20109.00 का समायोजन प्रदान किया गया। तथा दिनांक 28.07.2023 को पूर्व में प्रदत्त समायोजन को गलती मानते हुए ₹ 15132.00 परिवादी के बिल में जोड़ दिए गये। दिनांक 19.04.2023 को पुनः परिवादी का मापक IDF पर बदल दिया गया। मापक बदलते समय पुराने मापक की रीडिंग 1521 थी। परिवादी की कंज्यूमर हिस्ट्री एवं बिल लेजर के अवलोकन से स्पष्ट है कि विपक्षी चैक मापक का समायोजन अपनी मनमानी से करता रहा। माननीय उत्तराखण्ड विद्युत

क्रमशः

नियामक आयोग के विद्युत आपूर्ति संहिता विनियम के प्रावधानों के तहत परिवादी को चैक मापक का समायोजन प्रदान किया जाना चाहिए था जो विपक्षी द्वारा नहीं किया गया। मंच के मत में चैक मापक स्थापित करने की तिथि 02.12.2022 से एक वर्ष पूर्व के बिलों में चैक मापक रिपोर्ट के आधार पर (मेन मापक को 96 फीसदी तेज मानते हुए) समायोजन प्रदान किया जाना न्यायोचित होगा। दिनांक 02.12.2022 से 19.04.2023 तक का बीजक मीटर संख्या 10205957 की खपत (1521 यूनिट एवं IDF अवधि के 28 दिन जोड़ते हुए) के आधार पर तथा 19.04.2023 से वर्तमान तक वर्तमान मीटर संख्या 979206 की वास्तविक खपत के आधार पर परिवादी का बीजक संशोधित किया जाना उचित एवं तर्कसंगत होगा।

## आदेश

वाद स्वीकार किया जाता है। विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि उपरोक्त चर्चा के अनुसार परिवादी को 02.12.2022 से एक वर्ष पूर्व तक के बीजकों में चैक मापक रिपोर्ट के आधार पर उचित समायोजन प्रदान करें तथा दिनांक 02.12.2022 से 19.04.2023 तक का बीजक मीटर संख्या 10205957 की वास्तविक खपत के आधार पर जारी करें। साथ ही दिनांक 19.04.2023 से वर्तमान तक के बीजक की गणना वर्तमान मीटर संख्या 979206 की वास्तविक खपत के आधार पर की जाये। इस प्रकार संशोधित बीजक पर कोई विलम्ब भुगतान अधिभार देय नहीं होगा। विपक्षी एक सप्ताह के भीतर परिवादी को संशोधित बीजक हस्तगत कराये तथा परिवादी संशोधित बिल प्राप्त होने पर एक सप्ताह के भीतर भुगतान करें। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः—11/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| 11/01/2024 | | 11/01/2024 |
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उदघोषित।
दिनांकः—11/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
## हल्द्वानी
## जिला–नैनीताल

उपस्थित 1–टीका राम जोशी, सदस्य (न्यायिक)
2–पी.सी. पान्डेय, सदस्य (तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–343/2023, दिनांक 11.01.2024

शांति नेगी — परिवादिनी
पत्नी कविन्द्र सिंह नेगी
निवासी वार्ड नं0–56
मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड
देवलचौड़, हल्द्वानी
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड(ग्रामीण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
हीरानगर, हल्द्वानी।

## निर्णय

1. परिवादिनी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि प्रार्थिनी शांति नेगी पत्नी श्री कविन्द्र सिह नेगी, निवासी वार्ड नं0–56, मानपुर पश्चिम, रामपुर रोड, देवलचौड़, हल्द्वानी जिला–नैनीताल की है। उसका उक्त पते पर 200 वर्ग फिट की दुकान बनी हुई उसके ऊपर कमरा है जिसमें उसका घरेलु विद्युत कनैक्शन नं० 392डी0205679031 है। उसके के विद्युत मीटर में मीटर जम्पिंग द्वारा रिडिंग काफी ज्यादा आ रही है जिसका मूल्य ₹ 25,238.00 दिखा रहा हैं। ट्रान्सपोर्ट विद्युत ऑफिस द्वारा जो धनराशि कम की गयी है जो कि प्रार्थिनी देने में असमर्थ है कृपया सर्वे कर पिछले बिलों के हिसाब से बिल दिलवाने की कृपा करे। अतः महोदय उसके पिछले बिलों की रिडिंग देखकर उसी आधार विद्युत बिल दिलवाने की कृपा करे। तथा प्रार्थिनी एक गरीब परिवार से यानि आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है जोकि इस मीटर जम्पिंग

क्रमशः

आयी हुई रिडिंग के हिसाब से बिल भरने में असमर्थ है। उक्त बिल की सर्वे कर उसके बिल को कम करवाने की कृपा कीजिएगा।

2. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र में कहा गया है कि शिकायतकर्ता का बिल संशोधन पूर्व में उपखण्ड कार्यालय टी०पी० नगर द्वारा किया गया है। शिकायतकर्ता के विद्युत बिल की हिस्ट्री संलग्न कर प्रेषित की जा रही है(कागज संख्या–3/1 से 3/3)। शिकायतकर्ता के विद्युत मापक की एम0आर0आई0 करने हेतु मै0 टी०डी०एस० को आदेशित किया गया है तथा उत्तर आपेक्षित है।
3. विपक्षी/विभाग द्वारा प्रस्तुत पत्र दिनांकित 13.12.2023 में कहा गया है कि मै0 टी०डी०एस० कम्पनी के कर्मचारी द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि उपभोक्ता के परिसर पर लगे विद्युत मापक की एम० आर० आई करना सम्भव नही हो पा रहा है।
4. मंच उभय पक्षों को सुना गया एवं पत्रावली का सम्यक रूप से परिशीलन किया गया। परिवादिनी की कंज्यूमर हिस्ट्री के अवलोकन से ज्ञात होता है कि परिवादिनी को 2 किलोवाट विद्युत संयोजन 1 अक्टूबर 2020 को अवमुक्त किया गया। विपक्षी द्वारा प्रथम बीजक दिनांक 30.12.2020 को जारी किया गया। संयोजन अवमुक्त होने की तिथि से परिवादिनी को प्रत्येक बिल चक्र में मीटर रीडिंग (MU) के बिल जारी किए गये जिनका परिवादिनी समय–समय पर भुगतान करते रहे हैं। अगस्त 2023 में परिवादिनी को 3340 यूनिट खपत (वर्तमान रीडिंग 4140 एवं पिछली रीडिंग 800) बिल जारी किया गया। यह बिल दिनांक 05.06.2023 से 07. 08.2023 की अवधि के लिए ₹ 22979.00 का [illegible] जारी किया गया। उसके बाद 06.09.2023 में मीटर रीडिंग 4410 का बिल जारी किया गया। इन बिलों से विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई और परिवादिनी ने बीजक का भुगतान नहीं किया। परिवादिनी द्वारा विभाग में शिकायत करने पर संशोधित बीजक की राशि से वह संतुष्ट नहीं हुए और मंच में वाद दायर किया। 2 किलोवाट के विद्युत संयोजन पर दो माह में 3340 यूनिट विद्युत खपत के संबंध में विपक्षी मंच में कोई तकनीकी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाया। विपक्षी MRI रिपोर्ट प्रस्तुत करने में भी नाकाम रहा है। कंज्यूमर हिस्ट्री के अनुसार परिवादिनी की अधिकतम मांग भी 1 किलोवाट ही रही है। ऐसी दशा में 2 किलोवाट के विद्युत संयोजन से दो माह में 3340 यूनिट की खपत नामुमकिन है तथा इस खपत को बिना तकनीकी साक्ष्य के यह मंच स्वीकार नहीं कर सकता। विपक्षी द्वारा प्रस्तुत संशोधित बीजक गणना शीटों को भी मंच अस्वीकार करता है। क्योंकि 2 किलोवाट भार 24 घंटे चलाये जाने पर भी इतनी खपत नहीं हो सकती। अतः मंच के मत में परिवादिनी के मापक ने जून 2023 से अगस्त 2023 के मध्य या तो असामान्य व्यवहार किया है अथवा किसी अन्य कारण से मीटर यूनिट जम्प हुआ है। ऐसी दशा में परिवादिनी का बीजक उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के नियमों के तहत पूर्व के तीन बिल चक्रों के औसत {(68+22+20)/2=110/3=37 यूनिट} आधार पर संशोधित किया जाना तथा परिवादिनी का वर्तमान मापक तत्काल बदला जाना न्यायोचित होगा।

क्रमशः

## आदेश

वाद स्वीकार किया जाता है। परिवादिनी को जारी बीजक दिनांक 07.08.2023 एवं उसके बाद के समस्त बीजक संशोधन हेतु निरस्त किए जाते हैं। विपक्षी को आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.08.2023 का बीजक 37 यूनिट खपत के आधार पर संशोधित करें। दिनांक 08.08.2023 से 08.12.2023 तक का बीजक कुल 307 यूनिट खपत (4447 – 4140) के हिसाब से संशोधित होगा। इस प्रकार संशोधित बीजक पर कोई विलम्ब भुगतान अधिकार देय नहीं होगा। विपक्षी एक सप्ताह के भीतर परिवादिनी को संशोधित बीजक हस्तगत कराये तथा परिवादिनी संशोधित बिल प्राप्त होने के एक सप्ताह के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित करें। विपक्षी को यह भी आदेशित किया जाता है कि परिवादिनी का वर्तमान मापक तत्काल बदलकर नया मापक स्थापित करें। विपक्षी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर आदेश के अनुपालन आख्या मंच में प्रस्तुत करें। उभय पक्ष अपना वाद व्यय स्वयं वहन करेंगें। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर विद्युत औम्बड्समैन, 80 बसंत विहार, देहरादून के समक्ष प्रत्यावेदन/अपील प्रस्तुत कर सकता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांकः– 11/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| 11/01/2024 | 11/01/2024 | 11/01/2024 |
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।
दिनांकः– 11/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

## Elec. CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

**Uttarakhand Power Corporation Ltd.**

**Haldwani**

प्रकाशपाल     बनाम     अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड,
उपाकालि०,
हल्द्वानी (ग्रामीण)

Case No:-344 /2023

## ORDER SHEET

निर्णय

03/01/2024    पत्रावली पेश। परिवादी द्वारा फोरम में चलाये गये परिवाद में विपक्षी द्वारा विद्युत खपत सम्बन्धी जमा धनराशि से सम्बन्धी विवाद था। विपक्षी द्वारा अपने उत्तर व संलग्न लेखा में अतिरिक्त जमानत धनराशि के [illegible] को जमा किया जाना उल्लेखित किया है। अतः द्वारा पत्रावली में विपक्षी द्वारा प्रस्तुत उत्तर में वर्णित कथनों एवं संलग्न अभिलेखों लेखा का निरीक्षण/अवलोकन करने पर पाया कि विवादित धनराशि को परिवादी के अतिरिक्त जमानत खाते में जमा है। जिससे परिवादी भी सन्तुष्ट है। इस सम्बन्ध में ई-मेल माध्यम से सन्तुष्टि पत्र पत्रावली में मौजूद है।

अतः परिवादी को जमा विवादित धनराशि अतिरिक्त जमानत मद में जमा होने से वह सन्तुष्ट है तथा मामले में अपेक्षा आदेश/ पर कार्यवाही समाप्त की जाती है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। पक्षकार सूचित हों।

सदस्य (उपभोक्ता) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी    सदस्य (तकनीकी) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी    सदस्य (न्यायिक) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

# CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

## Uttarakhand Power Corporation Ltd.

## Kumaou Zone,Haldwani

ललित मोहन पाण्डे बनाम — अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, हल्द्वानी (ग्रामीण)

Case No.:- 345/2023

## ORDER SHEET

29/12/2023 — पत्रावली पेश हुई। पक्षकार अनुपस्थित। विपक्षी द्वारा पूर्व तिथि में ही परिवादी के बिल में वांछित संशोधन कर दिया गया एवं सम्बन्धित साक्ष्य भी उपलब्ध करा दिया था, जिससे परिवादी का संशोधित बिल ऋणात्मक (–) रु० 581=04 मात्र हो गया है, परिवादी द्वारा भी विपक्षी की कार्यवाही पर सन्तोष व्यक्त किया है, बाद में निर्णय सुरक्षित किया जाता है।

07/01/2024 — निर्णय

पत्रावली आज निर्णय हेतु प्रस्तुत है। परिवादी की मुख्य समस्या विपक्षी द्वारा निर्गत बिलों में अनियमितता। एवं एकबार बिल भुगतान करने पर भी उस समय अवधि को दो बार बिल निर्गत करनेवाली समस्या है। जिस सम्बन्ध में 6 माह का बिल सारणी प्रस्तुत की है। विपक्षी द्वारा इस सम्बन्ध में अपनी आख्या उत्तर दिनांक 23/11/2023 संशोधित बिल जारी करते हुए परिवादी की समस्या का समाधान सम्बन्धी विवरण प्रस्तुत है। परिवादी द्वारा आज नियत तिथि को लेख माध्यम से विपक्षी के संशोधित बिल से सन्तुष्ट होते हुए, फोरम से मामले की कार्यवाही समाप्त करने का अनुरोध किया है। फोरम के मत में भी परिवादी के त्रुटिपूर्ण बिल को विपक्षी द्वारा सही कर संशोधित बिल जारी कर दिया है। अतः उपरोक्त आधार पर मामले की कार्यवाही समाप्त की जाती है, पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। पक्षकार सूचित हो।

सदस्य (उपभोक्ता) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

सदस्य (न्यायिक) वि०उ०शि०नि०म० हल्द्वानी

# विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
## हल्द्वानी
## जिला–नैनीताल

उपस्थित 1–टीका राम जोशी, सदस्य (न्यायिक)
2–पी.सी. पान्डेय, सदस्य (तकनीकी)
3–हिमांशु बहुगुणा, सदस्य (उपभोक्ता)

परिवाद संख्या–346/2023, दिनांक01.01.2024

बसन्त बल्लभ तिवारी — परिवादी
पुत्र प्रेम बल्लभ तिवारी
गुलाबघाटी, पुरानी चुंगी
काठगोदाम
जिला–नैनीताल।

बनाम

अधिशासी अभियन्ता — विपक्षी
विद्युत वितरण खण्ड
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
जसपुर।

## निर्णय

1.परिवादी द्वारा प्रस्तुत परिवाद पत्र में कहा गया है कि उसका संयोजन संख्या–3865112555861 व खाता संख्या–42000006879 (व्यवसायिक) है जो कि बसन्त बल्लभ तिवारी के नाम से है। महोदय पिछले कुछ माह से उसका बिजली का बिल बढ़कर आ रहा है। उसका एक बिल ₹ 11291.00 का आया है। जो कि बहतु ज्यादा है। उसका लोड 1 किलोवाट का है और उसके द्वारा ऐसे किसी भी उपकरण का प्रयोग नहीं किया जाता है जिससे बिजली की इतनी खपत हो सके। उसे 894 यूनिट का CDF बिल दिया गया है। उसके द्वारा विभाग में कई बार मौखिक व लिखित रूप में शिकायत की गयी परन्तु विभाग द्वारा उसकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। इतनी धनराशि जमा करना उसके बस की बात नहीं है। कृपया उसके बिल को सही करने की कृपा करें ताकि वह समय से अपने बिल का भुगतान कर सके। महोदय से निवेदन है कि उसकी समस्या का समाधान करने की कृपा करें।

क्रमशः

2.विपक्षी / विभाग द्वारा प्रस्तुत उत्तर पत्र में कहा गया है कि उपभोक्ता के शिकायत के अनुसार उनका बिल संशोधित कर दिया गया है, साक्ष्य हेतु लेजर की प्रति संलग्न कर प्रेषित की है(कागज संख्या–3 / 1)।

3.मंच द्वारा सम्यक रूप से पत्रावली का अवलोकन किया गया। परिवादी की मूल समस्या उसके संयोजन संख्या–386112555861 से संबंधित अधिक बिल आने से संबंधित है। विपक्षी द्वारा परिवादी की शिकायत के सापेक्ष मंच निर्देशानुसार दिनांक 12.12.2023 के उत्तर पत्र संलग्न कन्ज्यूमर लेजर में परिवादी के विवादित बिल का संशोधन कर दिया जाना उल्लेखित है। इसके समर्थन में कन्ज्यूमर लेजर भी प्रस्तुत की है। जिसमें परिवादी के विवादित बिल को संशोधित कर अवशेष भुगतान मात्र ₹ 998.67 दर्शाया है। परिवादी इससे संतुष्ट है तथा इस संबंध में संतुष्टि पत्र मंच को भेजते हुए मंच का आभार व्यक्त किया है। संतुष्टि पत्र पत्रावली में संलग्न है। पत्रावली के अवलोकन से भी विपक्षी द्वारा परिवादी की समस्या का समाधान किया जाना साबित हो रहा है। अतः उपरोक्त आधार पर मामले की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

## आदेश

विपक्षी / विभाग द्वारा परिवादी परिवादी की शिकायत का निराकरण कर दिया गया है, जिस पर परिवादी द्वारा भी पूर्ण संतुष्टि व्यक्त की गई है। अतः वाद पर कोई अन्य कार्यवाही अपेक्षित नहीं होने पर वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है। पत्रावली दाखित दफ्तर हो।

दिनांकः–01/01/2024

01/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

आज यह निर्णय खुले फोरम में दिनांकित, हस्ताक्षरित एवं उद्घोषित।

दिनांकः–01/01/2024

| | | |
|---|---|---|
| (हिमांशु बहुगुणा) | (पी सी पाण्डेय) | (टीकाराम जोशी) |
| सदस्य (उपभोक्ता) | सदस्य (तकनीकी) | सदस्य (न्यायिक) |

# CONSUMER GRIEVANCES REDRESSAL FORUM

## Uttarakhand Power Corporation Ltd.

## Kumaoun Zone,Haldwani

एम०सी० जोशी

बनाम

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड,
हल्द्वानी (नगर)

Case No.: 347/2023

## ORDER SHEET

29/12/2023— पत्रावली पेश हुई। पक्षकार अनुपस्थित। विपक्षी द्वारा पूर्व तिथि में ही सूचित कर दिया गया था कि परिवादी का खराब मीटर बदल दिया गया है। विपक्षी द्वारा मीटर बदले जाने का सीलिंग प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया गया था। परिवादी द्वारा भी मीटर बदल दिये जाने के सम्बन्ध में सहमति प्रस्तुत की है। बाद में निर्णय सुरक्षित किया जाता है।

Joshi

### निर्णय

03/01/2024— पत्रावली निर्णय हेतु प्रस्तुत है। परिवादी की मूल शिकायत उसके खराब मीटर को बदलने सम्बन्धी है। जिस सम्बन्ध में विपक्षी द्वारा दिनांक 13/12/2023 को उत्तर पत्र प्रस्तुत करते हुए परिवादी के खराब मीटर को परिवर्तित किया जा चुका है। जिस सम्बन्ध में विपक्षी सीलिंग प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किया। परिवादी द्वारा आज नियत तिथि में खराब मीटर के स्थान पर नया मीटर लगा देने की पुष्टि करते हुए मामले की कार्यवाही समाप्त करने का अनुरोध किया है। उपरोक्त सम्बन्धित अभिलेख पत्रावली में उपलब्ध हैं।

अतः उपरोक्त आधार पर मामले की कार्यवाही समाप्त की जाती है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। पक्षकार सूचित हों।

सदस्य (उपभोक्ता)
वि०उ०शि०नि०मं० हल्द्वानी

सदस्य (तकनीकी)
वि०उ०शि०नि०मं० हल्द्वानी

Joshi
सदस्य (न्यायिक)
वि०उ०शि०नि०मं० हल्द्वानी

